तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज मोहनलाल बनाम लो.सू.अ. (उपखण्ड अधिकारी लूणी) **सू.अ.अ. अपील संख्या 228/2019**	नं0 व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
17.12.19	पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी मोहनलाल पता पुलिस कमीश्नर के सामने, लॉक्सवेल नर्सरी जोधपुर ने सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत प्रार्थना–पत्र दिनांक 25.09.2019 में उसके द्वारा (1) वर्ष 2005 से 2011 तक की ग्राम तनावड़ा खसरा नम्बर 122 रकबा 11 बीघा 1 बिस्वा पटवार हलका मोगड़ा तहसील लूणी जिला जोधपुर की जमाबन्दी गिरदावरी नकल की प्रमाणित प्रतिं, से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी लूणी) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो.पक्ष (उपखण्ड अधिकारी लूणी) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। अपीलार्थी अनुपस्थित। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो.(उपखण्ड अधिकारी लूणी) से आदिनांक तक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी लूणी / तहसीलदार लूणी) को निर्देशित किया जाता है कि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना के बारे में प्रार्थी को 15 दिवस में उपलब्ध करावे, अन्यथा सूचना नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जाय। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।	

Signature Not Verified
Digitally signed by Prakash Rajpurohit
Date: 2020.02.17 18:17:39 IST
Reason: SelfAttested